Volume:1 Issue:9 February2016

# E-newsletter

(Monthly Publication)

# Kanpur Municipal Corporation


संरक्षक

श्री जगतवीर सिंह द्रोण
मा० महापौर
श्री देवेन्द्र कुमार सिंह कुशवाहा
नगर आयुक्त

परामर्श मण्डल

श्री अजय प्रताप सिंह
मुख्य वित्त एवं लेखाधिकारी
इं० एम० के० सिंह
मुख्य अभियंता सिविल
इं० राकेश मोहन अस्थाना
मुख्य अभियंता मार्गप्रकाश
श्री जवाहर राम
महाप्रबंधक,जलकल

मुख्य सम्पादक

इं० सुरेश चंद
प्रभारी आई०टी०

सह संपादक

श्री वी०के० सिंह
उद्यान अधीक्षक
डॉ ए०के० सिंह
पशु चिकित्सा अधिकारी

कंप्यूटर टंकण/डिज़ाइन

संदीप कुमार तिवारी


## कार्यकारिणी की कार्यवाही



शहर के विकास कार्यो की समीक्षा एवं विकास कार्यो में तेजी लाने हेतु दिनांक **06.02.2016** को कार्यकारिणी की बैठक का आयोजन किया गया गया | जिसमे माननीय महापौर श्री जगतवीर सिंह द्रोण एवं नगर आयुक्त श्री देवेन्द्र कुमार सिंह कुशवाहा, अपर नगर आयुक्त प्रथम श्री विनोद कुमार गुप्ता , अपर नगर आयुक्त द्वितीय श्री राकेश कुमार गुप्ता, समस्त जोनल अधिकारी एवं कार्यकारिणी समिति के पार्षदों ने प्रतिभाग किया | कार्यकारिणी की बैठक में 160 प्रस्तावों पर बारी बारी से गहन चर्चा हुई ताकि शहर के विकास कार्यो में तेज़ी लाई जा सके और उन कार्यो में पारदर्शिता से काम कार्य कराया जा सके | कार्यकारिणी द्वारा जो प्रमुख प्रस्ताव पारित किये गये वे निम्न है |

1 भैरव घाट विधुत शवदाह गृह में दाह संस्कार मुफ्त करने का प्रस्ताव पारित हुआ |

2 हाईस्कूल तक के अंशकालीन शिक्षिकाओं को 10 हज़ार व इंटरमीडिएट के टीचर्स को 11 हज़ार प्रति मह वेतन देने का प्रस्ताव पारित हुआ |

3 कारगिल पार्क झील में स्वामी विवेकानंद की प्रतिमा लगाने का प्रस्ताव पारित हुआ |

4 स्वर्गाश्रम आजाद कुटियाँ के सुन्दरीकरण का प्रस्ताव पारित हुआ |

5 61.78 करोड़ का पुनरीक्षित बजट पारित हुआ |

**6** नगर निगम मुख्यालय परिसर पार्क को वाई फाई की सुविधा आम जनमानस को देने से सम्बंधित प्रस्ताव पारित हुआ |

**7** फूलबाग में देश का सबसे ऊँचा तिरंगा लगाने के प्रस्ताव को पारित किया गया |

**8** आरटीओ कार्यालय वाले मार्ग का नाम नरेन्द्र मोहन मार्ग रखने का प्रस्ताव पारित किया गया |

Address: Motijheel, Kanpur - 208 002, Uttar Pradesh
Website - http://kmc.up.nic.in, Email– Kanpur_nagar.nigam@yahoo.co.in
Phone– 0512 254 1258/6194, Fax– 0512 252 5554
Online complaint No. - 0512 252 6004/05, Toll Free No. - 18001805124

## नगर निगम द्वारा जोन वाइज कराये गए सिविल कार्यो का विवरण

| क्रम संख्या | कार्य का नाम | लागत (रु) लाख में |
|---|---|---|
| 1 | जोन–2 वार्ड–67 पी ब्लाक के अन्तर्गत डी0एन0 तिवारी के मकान से राम श्याम वस्त्रालय तक आर0सी0सी0 द्वारा गहरी नाली का निर्माण कार्य। | 1255153 |
| 2 | जोंन–4 वार्ड–11 जवाहर नगर गीता पार्क का सुधार कार्य। | 1484097 |
| 3 | जोन–3 वार्ड–36 के अन्तर्गत टिकापुरवा मलिन बस्ती में श्री रामपाल के मकान से श्री शि. वनाथ के मकान तक टाइल्स द्वारा सड़क का सुधार कार्य। | 1205171 |
| 4 | जोन–5 वार्ड–33 रतनपुर कालौनी में 71/1550 से 21/1550 तक सडकत्र नाली एवं फुटपाथ का सुधार कार्य। | 1360495 |
| 5 | जोन–5 वार्ड–47 कमला क्लब रोड से हाता सं0–119/509 तक नाला का निर्माण कार्य। | 4837889 |
| 6 | जोन–2 वार्ड–77 के अन्तर्गत 37वी वाहिनीं पी0ए0सी0 कानपुर कैपस के अन्दर क्वार्टर गार्ड भवन के अंत से दक्षिणी गेट तक नाला एवं सम्पवेल का निर्माण कार्य। | 3623683 |
| 7 | जोन–6 वार्ड–20 नारामऊ के अन्तर्गत सी0टी0एस0 बस्ती में एस0बी0आई0 रोड तक यू0टाइप ड्रेन का निर्माण कार्य। | 603036 |
| 8 | जोन–1 वार्ड–102 के अन्तर्गत वार्ड कार्यालय में स्टोर एवं शौचालय का निर्माण कार्य। | 187330 |
| 9 | जोन–2 वार्ड–39 के अन्तर्गत आवास विकास हंसपुरम स्थित वाटर पार्क में पाथवे के नव. ोनीकरण का कार्य। | 908937 |
| 10 | जोन–5 वार्ड–33 रतनपुर कालीत्रोनी में 260/1550 से 241/1550 तक सडक व नाली का सुधार कार्य। | 630039 |

## सेवानिवृत्त कर्मचारियों को देयको सहित बिदाई

नगर निगम मुख्यालय स्थित समिति कक्ष में मा0 महापौर श्री जगतवीर सिंह द्रोण व नगर आयुक्त श्री देवेन्द्र कुमार सिंह कुशवाहा द्वारा 29.02.16 को सेवा निवृत्त हुए 18 कर्मचारियों को माला पहनाकर , उनके समस्त सेवानिवृत्त देयकों के साथ शाल व मिठाई देकर बिदाई की गई। मा0 महापौर जी ने सभी सेवा. निवृत्त कर्मचारियों को आशीर्वचन दिये तथा स्वस्थ एवं दीर्घायु की कामना की। इस अवसर पर नगर निगम के सम्मानित पार्षदगणो के अतिरिक्त अपर नगर आयुक्त प्रथम श्री विनोद कुमार गुप्ता, मुख्य वित्त एवं लेखाधिकारी श्री अजय प्रताप सिंह, जोनल अधिकारी, व नगर निगम के अन्य अधिकारी/ कर्मचारी उपस्थित रहे।



***सामान्य कर (गृहकर) जमा करके कानपुर महानगर व अपने वार्ड के विकास हेतु अपने दायित्व का निर्वहन करे।***

# CLEAN UP - GREEN UP




*clean up green up* योजना के अंतर्गत कानपुर नगर निगम सीमा के अंतर्गत कानपुर नगर निगम ने जिलाधिकारी महोदय के संरक्षण व नगर आयुक्त की अगुवाई में तीन दिवसीय विशेष सफाई कार्यक्रम का आयोजन किया गया | यह आयोजन दिनांक 25.02.0216 से 27.02.2016 तक लगातार चला। इस कार्यक्रम के अंतर्गत नगर के समस्त 110 वार्डो में से तीन अपेक्षाकृत कम सफाई वाले क्षेत्र में सफाई कार्यक्रम चलाया गया। नगर निगम कानपुर ने अपने पूरे सफाई अमले व संसाधनो को एक साथ लगाकर सफाई कार्यक्रम चलाया, जिसमे 2430 सफाई कर्मी प्रतिदिन, 8जे0सी0बी0 मशीन 6 लोडर टाटा गाड़िया ट्रिपर बाबकट आदि आधुनिक गाड़ियो का प्रयोग करते हुये 171 ट्रक कूड़ा निस्तारित कराया गया।

नगर निगम कानपुर के विशेष सफाई अभियान के तहत लौरी पार्क, घंटाघर, स्वरुप नगर एवं एल0एल0आर हॉस्पिटल में जिलाधिकारी महोदय, नगर आयुक्त एवं माननीय महापौर जी की पर्यवेक्षण में सफाई अभियान चलाया गया | सफाई अभियान से प्रभावित होकर नगर की स्वंय सेवी संस्था स्नेहसेवा समिति की कु० स्नेहलता की नेतृतव में भी लगातार 72 घंटे तक घंटाघर के आस-पास के इलाको में जूझकर घर-घर से कूड़ा उठान एवं सफाई का काम कर एक कीर्तिमान स्थापित किया गया | नगर निगम एवं स्नेह सेवा समिति के उक्त संयुक्त अभियान की जिलाधिकारी व महापौर महोदय ने सफाई योजना में नगर निगम की हाथ से हाथ मिलाकर योजना सफल बनाने की प्रशंसा करते हुये कु० स्नेहलता को भी सम्मानित किया गया |नगर निगम के उक्त अभियान को नगर के गणमान्य पार्षदों, नागरिकों द्वारा एक सराहनीय कदम के रूप में परिभाषित किया गया तथा इस तरह के कार्यकर्मो को आगे और भी चलानें का आग्रह किया गया | केवल इतना ही नही, नगर निगम द्वारा चलाये गये इस संयुक्त व वृहद अभियान की सफलता को दृष्टिगत रखते हुये इसे इण्डिया बुक आफ रिकॉर्ड में "***Longest Sanitation Marathon***" के रूप में दर्ज कराने के लिए भेजा गया है |



समाजसेवी स्नेहलता बाजपेयी को सम्मानित करते डीएम व नगर आयुक्त।



## 330 जगहों से उठाया गया कूड़ा, लगाई झाड़ू

कचहरी में झाड़ू लगाकर सफाई करते जिलाधिकारी कौशलराज शर्मा, एडीएम सिटी अविनाश सिंह, एडीएम वित्त शत्रुघ्न सिंह, सिटी मजिस्ट्रेट अमरपाल सिंह व अन्य।

- कलेक्ट्रेट में डीएम, एडीएम ने की सफाई
- तीन दिवसीय विशेष अभियान का समापन

**कानपुर, जागरण संवाददाता :** क्लीन कानपुर ग्रीन कानपुर अभियान का शनिवार को समापन हो गया। तीन दिनों तक चलाए गए विशेष अभियान में 330 स्थलों से कूड़ा उठाया गया और कीटनाशकों का छिड़काव भी किया गया। कलेक्ट्रेट में डीएम के साथ अन्य प्रशासनिक अफसरों ने भी झाड़ू लगाई।

शहर भर में नगर निगम के सफाईकर्मियों और सरकारी कार्यालयों के अफसरों ने झाड़ू लगाई। कलेक्ट्रेट में डीएम कौशल राज शर्मा, एडीएम अविनाश सिंह, एडीएम शत्रुघ्न सिंह और एडीएम आशुतोष मोहन अग्निहोत्री ने झाड़ू लगाई और कूड़ा भी उठाया तो नगर आयुक्त देवेंद्र सिंह कुशवाहा ने स्वरूप नगर घंटाघर में सफाई कराई। उन्होंने स्वरूप नगर में कई जगहों पर अतिक्रमण हटवाने का आदेश दिया। यहां भी डीएम, एडीएम और अन्य अफसरों ने झाड़ू लगाई। पार्षद कमल शुक्ल बेबी, परिवर्तन संस्था के अनिल गुप्ता, बृजेश अवस्थी आदि रहे। अभियान तो समाप्त हो गया, पर अब प्रत्येक जोन में सप्ताह में एक दिन विशेष अभियान चलाकर वहां जमा कूड़ा साफ करने की तैयारी भी की जा रही है। इस अवसर पर घंटाघर पार्क में पौधरोपण भी किया गया।

### एक ट्रक कूड़ा उठवाया

जन जागृति मंच के तत्वावधान में गुजैनी में सफाई अभियान चलाया गया। इस दौरान मंच के अध्यक्ष विनोद मिश्र ने अन्य सदस्यों के साथ मिलकर इलाके में झाड़ू में लगाई और करीब एक ट्रक कूड़ा एकत्र किया। इस दौरान सेक्टर मजिस्ट्रेट रवींद्र कुमार, नगर निगम के जोनल स्वास्थ्य अधिकारी रमेश चंद्र गंगवार, सिनेटरी इंस्पेक्टर केआर चंद्राकर सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

### 66 घंटे सफाई कर बनाया रिकार्ड

स्नेह सेवा समिति की ओर से घंटाघर, हालसी रोड, कलक्टरगंज आदि इलाकों में 66 घंटे तक लगातार सफाई करने का रिकार्ड बनाया गया। इस रिकार्ड को इंडिया बुक ऑफ रिकार्ड में दर्ज किया जाएगा। पिछले दिनों लखनऊ में एक संस्था ने 51 घंटे तक सफाई करने का रिकार्ड बनाया था। अब यह रिकार्ड स्नेह सेवा समिति ने बनाया है। समिति की प्रमुख स्नेहलता बाजपेयी के नेतृत्व में उनके साथियों ने लगातार लगातार सफाई की और कूड़ा उठवाया। जिलाधिकारी ने लगातार सफाई का रिकार्ड बनाने वाली संस्था के सदस्यों को बधाई दी है।

### जर्जर भवन खाली होगा

स्वरूप नगर में सफाई करने गए नगर आयुक्त ने वहां एक जर्जर भवन को खाली कराने का आदेश दिया। उन्होंने कहा कि भवन में जो लोग भी रह रहे हैं, वे असुरक्षित हैं।

### शहर संग अपने आसपास की भी हो जाए सफाई

**कानपुर, जागरण संवाददाता :** मुख्यमंत्री के ग्रीन यूपी क्लीन यूपी के सपने को साकार करने के लिए प्रशासनिक अधिकारियों ने अपने-अपने तरीके से शहर को चमकाने की कवायद शुरू की है। इसमें शहर पुलिस खुद को पीछे नहीं करना चाहती। इसके चलते शुक्रवार को पुलिस लाइन की तर्ज पर आज (रविवार) को शहर के थानों में सफाई अभियान चलेगा। जहां पर थाना स्तर के पुलिस कर्मी सफाई अभियान चलाएंगे और उसमें स्थानीय अधिकारी भी शामिल होंगे। इस सफाई अभियान में थानों में सालों से पड़े लवारिस व माल मुकदमाती वाहनों ने थाना व आसपास की जगह को कबाड़ खाना बनाने वाला कबाड़ हटाना या इन्हें व्यवस्थित थानेदारों के लिए टेढ़ी खीर होगा। अब देखना है कि शहर साफ करने का जिम्मा लेने वाली पुलिस अपने ही आशियाने को कैसे साफ करेगी। यह अधिकारियों से लेकर थानेदार सब के लिए चिंता का विषय है।

**थानाक्षेत्र में गंदगी की फोटो लेकर करनी है व्हाट्सएप**

शहर में सफाई अभियान को धार देने के लिए एसएसपी शलभ माथुर के नेतृत्व में पुलिस कर्मी भी सफाई अभियान में जुड़ गए हैं। इसके लिए श्री माथुर ने सभी पुलिस कर्मियों को अपने क्षेत्र में गंदगी दिखने पर फोटो खींचकर जिलाधिकारी द्वारा जारी किए गए व्हाट्सएप नंबर पर भेजने को कहा है।

साथ ही कहा कि गंदगी फैलाने वालों पर सख्त कार्रवाई करें।

**थाना परिसर व आसपास की सड़कों पर पुलिस की 'हीलाहवाली' का कब्जा**

शहर के हर थाना परिसर लावारिस वाहनों के साथ माल मुकदमाती से पटा है। थाने के आसपास की सड़क के किनारे भी यह लावारिस वाहन खड़े हैं। यह थाने की शोभा के साथ पुलिस की कार्यप्रणाली पर भी दाग लगा रहे हैं। थानों के आसपास इन वाहनों से जाम की स्थिति उत्पन्न होती है तो समय से उनके मालिकानों का पता न चलने से यह वाहन कबाड़ बन जाते हैं।

**थाने के बाहर खड़े वाहनों के कल-पुर्जे तक हो रहे चोरी**

किदवईनगर थाने के बाहर खड़ी लग्जरी गाड़ियों के पहिये लेकर बैटरी तक चोरी हो गई, लेकिन उसका कोई पुरसाहाल लेने वाला नहीं है। जूही थाने के बाहर खड़े ट्रक का पहिया चोरी होने के बाद उसमें अराजक तत्वों ने आग तक लगा दी, पर कोई कार्रवाई नहीं हुई। नौबस्ता, काकादेव, कल्याणपुर, स्वरूपनगर, चकेरी, बादशाही नाका में कई लग्जरी गाड़ियां खड़े-खड़े कबाड़ बन गई जबकि एसएसपी शलभ माथुर का खुद सभी थानेदारों को बरामद गाड़ियों के विषय में जानकारी कर मालिकान तक पहुंचने और वाहन स्वामी के विषय में जानकारी न होने पर उनका निस्तारण करने का आदेश है।

काकादेव थाने के बाहर खड़े वाहन। जागरण



Volume:1 Issue:9 February 2016

*अपने नगर को स्वच्छ एवं सुन्दर रखने में अपना सहयोग प्रदान करें। कूड़ा सड़क पर ना फेंके। पॉलिथीन का प्रयोग ना करें।*

## कंप्यूटरीकृत जनसुनवाई नयी पहल




उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा प्रभावी शिकायत प्रबंधन, निवारण और निगरानी के लिए एक एकीकृत कम्प्यूटरीकरण प्रणाली, जनसुनवाई एप्लीकेशन सॉफ्टवेयर का विकास किया गया है, जिसके माध्यम से विभिन्न विभागों में चल रही शिकायत प्रबंधन प्रणालियों को एक प्लेटफॉर्म पर समाहित किया जा रहा है इस प्रणाली के लागू होने से नागरिकों एवं शासन/विभागों के बीच आसानी एवं पारदर्शी रूप से संवाद हो सकेगा तथा नागरिक किसी भी समय(24X7) शिकायतों को दर्ज/ट्रैक कर सकते है जिसमे, सम्बंधित विभागों/अधिकारियों को निस्तारण एवं अनुश्रवण की सुगम सुविधा भी उपलब्ध हो रही है| उक्त प्रणाली में प्रथम चरण में मुख्यमंत्री कार्यालय, जिलाधिकारी कार्यालय (जन सुनवाई), वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक/पुलिस अधीक्षक कार्यालय, तहसील दिवस, भारत सरकार(PG पोर्टल), जनसुविधा/लोकवाणी केंद्र आदि माध्यमों से प्राप्त समस्त सन्दर्भों को समन्वित/एकीकृत किया जा रहा है |

इसी क्रम में नगर निगम द्वारा उक्त योजना को दिनांक 03.02.2016 से प्रारम्भ किया गया जिसमे अलग अलग संदर्भ में आई शिकायतों का निस्तारण नगर निगम में शिकायत का निस्तारण सम्बंधित विभाग द्वारा किया जा रहा है जिसमे नगर आयुक्त के लॉग इन आईडी से नगर निगम के अन्य विभागों को भेजा जाता है,इस प्रकार उक्त पोर्टल में आने वाली का शिकायतों का निस्तारण का काम सुचारू रूप से चल रहा है |

*<u>जन सुनवाई में आने वाली शिकायतें एवं उनका निस्तारण का डाटा इस प्रकार है |</u>*




*अपने सामान्य कर (गृहकर) का जमा कर 12 % की दर से बढते ब्याज से बचे।*